मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-86
14/02/2019

जम्मू–कश्मीर के अवंतिपोरा में आतंकी हमले में शहीद जवानों के प्रति मुख्यमंत्री मर्माहत, जताई गहरी शोक संवेदना

पटना 14 फरवरी 2019 :– जम्मू–कश्मीर के अवंतिपोरा हाईवे पर सी0आर0पी0एफ0 के काफिले पर हुये आतंकी हमले में जवानों के शहीद होने पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना जतायी है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे इस घटना से काफी मर्माहत हैं।

मुख्यमंत्री ने इस आतंकी हमले की कड़ी शब्दों में निन्दा की। उन्होंने वीर एवं कर्त्तव्यपरायण शहीद जवानों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वीर जवानों की इस शहादत को हमेशा याद किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस आतंकी हमले में घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है।

******